Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title : Regarding laying of new railway lines in Bilaspur-Mandla-Jabalpur Section.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के रेलवे से संबंधित मामला उठाना चाहता हूं। बिलासपुर से मंडला रेल वे लाइन के सर्वे का कार्य 50 वर्षों तक होता रहा है। सर्वे का काम पूर्ण हो चुका cè[i148]।

[rpm149]

सभापति महोदय, वह प्लानिंग कमीशन को भेजा गया है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने से, वहां के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए, नई रेल लाइन का होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और बिलासपुर जिले मंडला से सीधे जुड़ जाएंगे। इस सर्वे के बाद, स्वीकृति होने पर, उक्त मार्ग के बनने से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा तथा लोगों को उद्योग-धंधे लगाने में सहायता मिलेगी। वहां का डोलोमाइट खनिज पदार्थ, बैलाडीला की खनिज सम्पदा, कोयले के रूप में अपार खनिज सम्पदा का लाभ उठाया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ में हीरे की भी खदान मिल चुकी है। उसके अलावा अभ्रक एवं अन्य खनिजों की भी खदानें हैं जिनमें लोगों को रोजगार मिलेगा और रेलवे विभाग की आर्थिक स्थिति ठीक होगी। इससे रेलवे को ज्यादा मजबूती मिलेगी। लोगों को इससे आवागमन की सुविधा मिलेगी। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बिलासपुर से मंडला नई रेल लाइन की शीघ्र स्वीकृति केन्द्र सरकार प्रदान करे।